बुद्धपूर्णिमा की शुभकामनाएं



।। तमसो मा ज्योतिर्गमय ।।

मे जुषस्व शिपिविष्ट हव्यम्
(सामवेद.१६२७)
हे परमेश्वर ! आप मेरी श्रद्धा, प्रेम और भक्ति की भेंट को प्रीतिपूर्वक स्वीकार कीजिए।


खगपति राम कथा मैं बरनी । स्वमति बिलास त्रास दु:ख हरनी ।।
राम कथा गिरिजा मैं बरनी । कलि मल समनि मनोमल हरनी ।।

|| Ram Katha 936 - मानस रामकथा || Gondal,Gujrat || मोरारी बापू ||

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 310 | इंदौर, गुरुवार 23 मई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## Headline

1. **Swati Maliwal Case:** आज केजरीवाल के माता-पिता के बयान दर्ज नहीं करेगी पुलिस, बिभव होगा कोर्ट में पेश
2. लोकसभा चुनाव: दिल्ली में प्रचार के आखिरी दिन भाजपा ने झोंकी ताकत, रोड शो में दिखाया दम
3. नई दिल्ली : अवैध संबंध, लालच और हत्या: भाभी ने प्रेमी के साथ मिलकर देवर को मार डाला, 78 दिन तक सोशल मीडिया पर जिंदा रखा

# धार्मिक स्थलों का अतिक्रमण तोड़ने पहुंची टीम

## 18 मंदिर-मस्जिदों के हिस्से हटाने की कार्रवाई, धरने पर बैठे लोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन उज्जैन में केडी गेट से इमली चौराहा तक चौड़ीकरण में आड़े आ रहे धार्मिकस्थलों और मकानों के अतिक्रमण को गुरुवार सुबह प्रशासन की टीम हटाने पहुंची है।

मुस्लिम समाज के लोग इसके विरोध में उतर आए। महिलाएं मस्जिद के सामने ही सड़क पर बैठ गईं। नगर निगम और पुलिस के अधिकारियों ने समझाया, तब समाज के लोगों ने खुद ही मस्जिद के हिस्से को गिराने का निर्णय लिया। इधर, लालबाई फूलबाई चौराहे पर दिग्विजय हनुमान मंदिर को शिफ्ट किया जाना है। इसके विरोध में हिंदू संगठनों के लोग धरने पर बैठ गए। कार्रवाई रोक दी गई है। निगम अधिकारी समझाने की कोशिश कर रहे हैं।

केडी गेट से लेकर इमली चौराहा तक जून 2023 में चौड़ीकरण का काम शुरू हुआ था। बीच में 13 मंदिर, 1 मजार, 2 मस्जिद, 2 जैन मंदिर जद में आ रहे हैं। 32 मकानों की गैलरी और आगे के हिस्से भी तोड़े जाने हैं। इसके बाद इस रास्ते पर पोल पर लाइन खींचते हुए सेंट्रल लाइट लगाई जाएगी और दूसरे अधूरे काम पूरे किए जाएंगे।



### जैन समाज ने खुद अतिक्रमण हटाना शुरू किया

नयापुरा स्थित श्वेतांबर समाज के जैन मंदिर के प्रभावित हिस्से को हटाने की प्रक्रिया समाज के लोगों ने शुरू करवा दी।

### मंदिर में धरने पर बैठे हिंदू संगठनों के लोग

लालबाई फूलबाई चौराहे पर दिग्विजय हनुमान मंदिर को शिफ्ट किया जाना है। इसके विरोध में हिंदू संगठनों के लोग धरने पर बैठ गए। कार्रवाई रोक दी गई है। निगम अधिकारी समझाने की कोशिश कर रहे हैं।

### इमली तेरा में विरोध खत्म होने के बाद शुरू हुई कार्रवाई

लोगों का विरोध खत्म होने के बाद इमली तेरा स्थित गणेश मंदिर को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई।

लोगों को सुबह घर के बाहर निगम और पुलिस का अमला दिखा तो वे विरोध करने लगे। आधे घंटे की कोशिश के बाद अधिकारी लोगों को समझाने में कामयाब रहे। निगमायुक्त आशीष पाठक ने कहा, जनता से सहयोग की अपेक्षा रहेगी। मार्ग पर साइड क्लियर होने के बाद बारिश के पहले यहां बिजली-पानी-नाली आदि के सारे कार्य पूरे कर दिए जाएंगे।

### प्रभावित हिस्सों को हटाने सुबह 5 बजे पहुंची टीम

प्रभावित हिस्सों को हटाने के लिए आज सुबह 5 बजे नगर निगम की टीम, पुलिस बल के साथ पहुंची है। मार्ग 15 मीटर चौड़ा किया जाना है। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मार्ग से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। नगर निगम कमिश्नर आशीष पाठक, एडीएम अनुकूल जैन, एडिशनल एसपी जयंत राठौर सहित तीन सीएसपी और चार थानों के टीआई मौके पर पहुंचे।

**एमपी में लू का अलर्ट**

# भोपाल-इंदौर में तापमान रिकॉर्ड स्तर पर, रतलाम में 45 पर पारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल । मध्यप्रदेश के ग्वालियर, चंबल और मालवा-निमाड़ के शहर भट्‌टी की तरह तप रहे हैं। पिछले 2 दिन से रतलाम सबसे हॉट है। वहीं, भोपाल-इंदौर में टेम्प्रेचर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जबकि ग्वालियर-चंबल में लू का असर है। मौसम विभाग भोपाल के सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, 24-25 मई से पूरे प्रदेश में तेज गर्मी रहेगी। भीषण लू का अलर्ट भी जारी किया है।**

इससे पहले बुधवार को भी भीषण गर्मी रही। रतलाम में पारा 45 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। लगातार दूसरे दिन



रतलाम प्रदेश में सबसे गर्म रहा। वहीं, भोपाल और इंदौर सीजन के सबसे हॉट रहे। भोपाल में 43.9 डिग्री और इंदौर में टेम्प्रेचर 43.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ग्वालियर में 43.7 डिग्री, उज्जैन में 43.8 डिग्री और जबलपुर में पारा 42 डिग्री रहा।

भोपाल में शाम को हल्की बारिश भी हुई, लेकिन इसके बाद उमस का असर भी बढ़ा रहा। शिवपुरी, सागर, नौगांव, दतिया, गुना, खजुराहो, खंडवा, खरगोन, शाजापुर, दमोह और धार में तापमान 44 डिग्री या इससे अधिक दर्ज किया गया।

### भीषण गर्मी के साथ आज आंधी-बारिश भी

मौसम विभाग ने गुरुवार को भीषण गर्मी के अलावा बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, बालाघाट में आंधी-बारिश का अलर्ट भी जारी किया है।

### इसलिए ऐसा मौसम

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. सिंह ने बताया, राजस्थान के ऊपर चक्रवाती हवाओं का घेरा है। ट्रफ लाइन भी गुजर रही है। इसके चलते बंगाल और अरब सागर की खाड़ी से आ रही नमी बादल के रूप में सक्रिय है। साथ में दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के हिस्से में निम्न दाब क्षेत्र है। इस वजह से भी गर्मी का असर बढ़ा हुआ है।

# पेड़ बचे नहीं, अब धूप से बचने के लिए इंदौर के चौराहों पर लगाई ग्रीन नेट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भीषण गर्मी कहर बरपा रही है। इससे बचने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं। इस बीच इंदौर में लोगों को 43 डिग्री से ज्यादा की गर्मी से राहत दिलाने के लिए रेड लाइट पर ग्रीन नेट लगाई गई है। इससे दोपहिया वाहन चालकों को सड़क पर चलते समय लाल बत्ती पर रुकने पर चिलचिलाती धूप से कुछ राहत मिलेगी। इंदौर के क्षेत्रीय पार्षद की पहल पर फिलहाल लेटर्न चौराहे पर दो तरफ ग्रीन नेट लगाई गई है। तपती गर्मी में ट्रैफिक सिग्नल पर ग्रीन नेट के नीचे खड़े होकर वाहन



चालक राहत महसूस कर रहे है। लेटर्न चौराहे पर पहले काफी पेड़ हुआ करते थे, लेकिन 20 साल पहले बनी बाण्ड सड़क के लिए इस मार्ग से सैकड़ों पेड़ काट गए। गर्मी में लोग पेड़ों की घनी छाया को तरस रहे है और विकल्प के तौर पर प्लास्टिक की ग्रीन नेट का सहारा लिया जा रहा है। बीते तीन से इंदौर में पारा 43 डिग्री से ज्यादा है और दोपहर में जो लोग काम के सिलसिले में घरों से निकल रहे है उन्हें तेज गर्मी और उमस से परेशान होना पड़ रहा है। इंदौर के प्रमुख मार्गों के सिग्नल रेड होने वाहन चालकों को एक से डेढ़ मिनट तक खड़े रहना पड़ता है। सिग्नल पर कई चार पहिया वाहन भी खड़े रहते है। जिनके एसी चलते है। इस कारण वाहन के आसपास ज्यादा गर्म हवा रहती है। इस कारण चौराहों पर आमतौर पर तापमान एक-डेढ़ डिग्री ज्यादा रहता है। लेंटर्न चौराहे पर ग्रीन नेट लगाने वाले पार्षद और एमआईसी मेंबर नंदू पहाड़िया ने बताया कि मेरे एक मित्र है भरत उन्होंने मुझे बताया था की कर्नाटक में हर सिग्नल पर यह नेट लगी है तो हम भी हमारे क्षेत्र में इसकी शुरूआत करें। वहीं मैंने भी सोचा की बात तो सही है इतनी तेज कड़क धुप है 43 डिग्री तापमान है इसलिए आज सुबह हमने सिग्नल पर यह नेट लगवाई। वहीं मैं शहर के सभी समाजजनों और शहर के जनप्रतिनिधियों से आग्रह करता हुं की आप भी यह अपने अपने क्षेत्र में लगवाएं।

## देश के 362 शिक्षण संस्थानों के सर्वे में इंदौर की यूनिवर्सिटी को 14वां स्थान, दिल्ली एम्स का पहला नंबर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **इंदौर ने शिक्षा क्षेत्र में एक और तमगा हासिल किया है। देशभर की 362 शिक्षण संस्थानों में इंदौर की मेडिकल यूनिवर्सिटी को 14वां स्थान प्राप्त हुआ है। देश के 17 शहरों में किए गए सर्वे के आधार पर टॉप 20 संस्थानों में इंदौर का नाम है।**

'द वीक' और 'हंसा रिसर्च' के सर्वे 2024 में देशभर की रैंकिंग में इंदौर की मेडिकल यूनिवर्सिटी को टॉप 20 में स्थान मिला है। बता दें कि देश के 362 प्रतिष्ठित शासकीय और निजी शिक्षण संस्थानों को इस सर्वे में शामिल किया गया था। सर्वे में मप्र की एकमात्र मेडिकल यूनिवर्सिटी मेडिकल एजुकेशन, रिसर्च में मालवांचल यूनिवर्सिटी ने 14वां नंबर हासिल किया है। सर्वे देश के 17 शहरों में किया गया है। इसमें दिल्ली, एनसीआर, चंडीगढ़, लखनऊ, जयपुर, इंदौर, हैदराबाद, बैंगलूरू, चेन्नई, कोच्चि, कोलकाता, पुणे, मुंबई व अन्य शहर शामिल हैं। सर्वे में मेडिकल यूनिवर्सिटी में प्रथम स्थान दिल्ली एम्स ने हासिल किया। सर्वे में देशभर के कॉलेजों और यूनिवर्सिटी को विभिन्न मापदंडों पर परखा गया है। इनमें ओवरऑल इन्फ्रास्ट्रक्चर व सुविधाएं, यूनिवर्सिटी इन्वायरमेंट व रिसर्च और इनोवेशन को शामिल किया।


कुलपति डॉ. संजीव नारंग ने बताया कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि संस्थान राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर कार्य कर रहा है और यहां उपलब्ध सेवाओं की उत्कृष्टता में लगातार वृद्धि हो रही है। हमने मेडिकल क्षेत्र की जरूरतों के हिसाब से सिलेब्स को निरंतर अपडेट किया है। आज हमारे छात्र एम्स से लेकर देश के विभिन्न अस्पतालों में कार्य कर रहे हैं।

# बाल काटे, नहलाया, दवाई लगाई, कपड़े पहनाए और भोजन कराया तो उनके चेहरे खिल उठे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पागल-भिखारी समझ कर लोग उनकी अनदेखी कर रहे थे, लेकिन वे हालात के आगे मजबूर होकर बदहाली में जी रहे थे। इंदौर के गांधीनगर क्षेत्र के कुछ युवाओं से इनकी दशा देखी नहीं गई। इन युवाओं ने एक हफ्ते में ऐसे दो बदहाल लोगों की दशा सुधारी है। उनके बाल काटे, नहलाया, दवाई लगाई, कपड़े पहनाए और भोजन कराया तो उनके चेहरे चमक उठे और लाचारी की जगह उनके चेहरे खिल उठे। मानवता की सेवा का यह जज्बा गांधीनगर क्षेत्र में देखने को मिला।

क्षेत्र के निवासी अनुज सिंह चौहान ने बताया कि गांधीनगर स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर के आसपास एक व्यक्ति पागल जैसी हालत में घूमता



रहता था। उसके पैर में सूजन दिख रही थी। थोड़ी-थोड़ी देर में वह छींक रहा था। उसकी सांस भी फूल रही थी। वह गंभीर बीमारी से ग्रस्त लग रहा था। इस व्यक्ति से जाकर पूछा तो वह इंदौर को भोपाल बता रहा था। अनुज सिंह चौहान को इसकी स्थिति देखी नहीं गई और वे अपने साथियों विनय (हन्नू) यादव, गोलू राजपूत, अरविंद सौदागर और अन्य साथियों को बुला लाए। सभी युवाओं ने मिलकर इसकी दशा सुधारी।

बाल कांटे, नहलाया, दवाई लगाई, कपड़े पहनाए और भोजन कराया। इसके बाद इन युवाओं ने कॉल करके महाकाल सेवा समिति संस्था के जयू जोशी को बुला लिया। संस्था ने व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया और उसका इलाज शुरू हो गया। इनमें से एक ने अपना नाम कृष्णा बताया है। दूसरा कुछ भी नहीं बता पा रहा है। इनके इलाज के बाद इनके बारे में पता लगने की संभावना है। अनुज ने बताया हमारे ग्रुप 'इंदौर हमारी जान' ने अभी तक छह लोगों का रेस्क्यू किया है।

चार लोगों का मानसिक चिकित्सालय में भर्ती कर उनके परिवार में भेजा गया। इनमें एक लड़की भी थी, जो कि गांधीनगर में मिली थी। वह सड़कों पर घूमती रहती थी, उसका भी इलाज करवाया। वह अब अपनी मां के साथ रह रही है।

# नाले में पड़ा था कचरा और गंदगी, दरोगा निलंबित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। नगर निगम कमिश्नर शिवम वर्मा द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था के साथ ही झोन क्रमांक 18 में नाला सफाई कार्यों का निरीक्षण किया गया। सफाई को लेकर कमिश्नर ने सख्ती दिखाई है। नाले में कचरा और गंदगी मिलने पर एक दरोगा को निलंबित कर दिया है, जबकि सफाई में लापरवाही होने पर संस्था के खिलाफ 25 हजार रुपए की पैनल्टी लगाई है।

कमिश्नर शिवम वर्मा द्वारा प्रतिदिन शहर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर जायजा लिया जाता है। जहां कमी रहती है उसे ठीक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए जाते थे। बुधवार सुबह उन्होंने झोन क्रमांक 18 के अंतर्गत विराट नगर, कुम्हार भट्टी पालदा और आजाद नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के साथ ही नालों का निरीक्षण किया। कमिश्नर वर्मा ने कुम्हार भट्टी पालदा क्षेत्र में नाला निरीक्षण के दौरान नाले में कचरा और गंदगी पाए जाने पर क्षेत्रीय दरोगा नितिन पांचाल को निलंबित करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही क्षेत्र में सफाई कार्य ठीक



से नहीं होने पर झोन क्रमांक 18 में कार्यरत एनजीओ संस्था बेसिक्स के विरुद्ध 25 हजार रुपए की पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री महेश शर्मा, सुनील गुप्ता, सीएसआई सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

बुनकर, शिल्पी तथा इनसे जुड़ी समितियों, स्वसहायता समूहों, अन्य संस्थाओं को

## कौशल प्रशिक्षण देने के साथ ही औजार उपकरण हेतु आर्थिक सहायता भी मिलेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर जिले में हाथकरघा एवं हस्तशिल्प क्षेत्र में कार्यरत बुनकर/शिल्पी, बुनकर/औद्योगिक समितियां, स्वसहायता समूह, अशासकीय संस्थाएं एवं अन्य संस्था आदि को बुनियादी एवं कौशल प्रशिक्षण देने के साथ ही औजार/उपकरण हेतु आर्थिक सहायता भी प्रदान की जायेगी। इसके लिए हाथकरघा कार्यालय एवं प्रशिक्षण केन्द्र इन्दौर, 3-पोलोग्राउण्ड द्वारा आवेदन मंगाये गये है। बताया गया कि हाथकरघा एवं हस्तशिल्प क्षेत्र के लिए कौशल एवं तकनीकी विकास योजनान्तर्गत ऐसे बुनकर/शिल्पी, बुनकर/औद्योगिक समितियां, स्वसहायता समूह, अशासकीय एवं अन्य संस्थाएं जो हाथकरघा एवं हस्तशिल्प क्षेत्र में कार्यरत होकर विगत 03 वर्षों से उत्पादन एवं विपणन कर रहे है, इस योजना में पात्र होंगी। संस्थाओं को बुनियादी एवं कौशल प्रशिक्षण, औजार/उपकरण हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किए गये हैं। योजना का लाभ पहले आओं पहले पाओं के आधार पर दिया जायेगा। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी सहायक संचालक जिला हाथकरघा कार्यालय एवं प्रशिक्षण केन्द्र इन्दौर, 3-पोलोग्राउण्ड जवाहर आईस फेक्ट्री के सामने स्थित कार्यालय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

### हुनर को जोड़े कौशल विकास से : संभागायुक्त दीपक सिंह

**इंदौर**। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने कहा है कि इंदौर संभाग के विभिन्न ज़िलों में परम्परागत हुनर से अनेक वस्तुएँ बनायी जाती हैं। महेश्वरी साड़ियाँ, झाबुआ डाल और बाग प्रिंट इसके उदाहरण है। इस हुनर को कौशल विकास से जोड़ा जाए और शासन द्वारा संचालित आई.टी.आई. में इस संबंध में प्रशिक्षण दिया जाये। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने इंदौर संभाग में संचालित आई.टी.आई. के प्राचार्यों की बैठक लेकर गतिविधियों की समीक्षा की।

# अब हुकुमंचद मिल के दो हजार पेड़ काटने की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मप्र के औद्योगिक शहर इंदौर की जनता भीषण गर्मी से परेशान है। पारा लगातार 42 डिग्री के पार है और दिन हो या रात, लोग पसीने में तर हैं। शहर की 25 प्रतिशत जनता पानी के लिए तरस रही है और आधे से अधिक हिस्से के बोरिंग सूख चुके हैं। इन सबके बीच शहर के बीचों बीच बने हुकुमचंद मिल के मिनी फॉरेस्ट को खत्म करने की शुरुआत हो चुकी है। यह जमीन हाउसिंग बोर्ड को दे दी गई है जहां पर कई बड़े प्रोजेक्ट बनाए जाएंगे। हाउसिंग बोर्ड ने दो हजार से अधिक पेड़ों को काटने के लिए सूचीबद्ध कर लिया है और यह काउंटिंग जारी है। यहां पीपल, बरगद, नीम, चंदन के हजारों पेड़ हैं। शहर की जनता सोशल मीडिया पर विरोध प्रदर्शन कर रही है और कई संस्थाएं अब विधिवत आंदोलन की तैयारी कर रही हैं।

### कितने पेड़ कटेंगे

हुकुमचंद मिल में हाउसिंग बोर्ड ने दो हजार से अधिक पेड़ों को काटने के लिए नंबरिंग कर दी है। सभी पेड़ों पर नंबर लिख दिए गए हैं। अभी हाउसिंग बोर्ड सूची बना रहा है फिर यह सूची नगर निगम के उद्यान विभाग को देगा। यहां पर छोटे बड़े पांच हजार से अधिक पेड़ हैं लेकिन बड़े पेड़ों की सूची में सिर्फ छह सौ से एक हजार पेड़ों को माना जा रहा है। जिनके तने एक निश्चित मोटाई से अधिक के हैं। इसमें भी उद्यान विभाग मौका मुआयना करने के बाद तय करेगा कि कितने पेड़ कटेंगे।

### अभ्यास मंडल मिनी फॉरेस्ट बनाना चाहता था

अभ्यास मंडल के शिवाजी मोहिते ने कहा कि हमने हुकुमचंद मिल का दौरा किया था और प्रशासन से मांग की थी कि इसे मिनी फॉरेस्ट के रूप में डेवलप करें। अब उसे हाउसिंग बोर्ड को दे दिया गया है और वह वहां पर प्रोजेक्ट लाएगा। वह शहर का सबसे खूबसूरत हरियाली से भरा क्षेत्र है।

### जनहित पार्टी ने शुरू किया आंदोलन

जनहित पार्टी ने मंगलवार से शहर में इन पेड़ों को बचाने के लिए आंदोलन शुरू कर दिया है। जनहित पार्टी के संस्थापक अभय जैन ने बताया कि हम लोगों से अपील कर रहे हैं कि वे इन पेड़ों को बचाने के लिए आगे आएं। हम आंदोलन करेंगे, धरना देंगे और कानूनी लड़ाई भी लड़ेंगे।

### अभी हाउसिंग विभाग ने हमें सूची नहीं दी

उद्यान विभाग के दरोगा आशीष चौकसे ने बताया कि यहां पर छोटे बड़े पांच हजार से अधिक पेड़ हैं। हाउसिंग बोर्ड अभी पेड़ों की सूची बना रहा है। दो हजार से अधिक पेड़ों पर नंबर लगाए गए हैं। अभी हमें फाइनल सूची नहीं दी गई है। सूची मिलने के बाद उद्यान विभाग की टीम मौका मुआयना करेगी और फाइनल करेगी कि कितने पेड़ काटे जाएंगे।

### संरक्षित करने का प्रयास करें

पर्यावरणविद् ओपी जोशी ने कहा कि शहर के बीच में बने यह ऑक्सीजन जोन बेहद कीमती हैं। सैकड़ों साल पुराने पेड़ों का विकल्प नए पौधे नहीं हो सकते। विदेशों में पेड़ों को बचाना सरकारों की प्राथमिकता होती है। इंदौर में भीषण गर्मी और भूमिगत जलस्तर खत्म हो चुका है। प्रशासन को प्रयास करना चाहिए कि इन बेशकीमती पेड़ों को बचाया जाए। यही शहर की असली संपत्ति हैं।

### चार पीढ़ी से कर रहे सेवा

यहां पर एक राम हनुमान मंदिर भी बना है। इस मंदिर में विजय रामदास महाराज चार पीढ़ियों से सेवा कर रहे हैं। हुकुमचंद सेठ ने उन्हें यहां पर मंदिर बनाने की जमीन दी थी। उन्होंने बताया कि यहां पर सैकड़ों मोर, कबूतर, गिलहरी, गाय, बकरी आदि जानवर रहते हैं। यहां पर हजारों पेड़ हैं और कई पेड़ सैकड़ों साल पुराने हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में गर्मी से परेशान लोग ठंडक और सुकून के लिए यहां पर आते हैं।

## फ्लाइट शेड्यूल जारी 166 जायरीन करेंगे हज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर से मुंबई जाकर हज यात्रा पर जाने वाले 166 यात्रियों की उड़ान का शेड्यूल जारी हो गया है। हज यात्रा के लिए इंदौर से सीधी हज उड़ान होने के बाद भी इंदौर के 166 यात्रियों ने मुंबई से हज यात्रा करने का विकल्प चुना है।**

मुंबई से इंदौर जिले के हज यात्रियों के लिए पहली उड़ान 26 मई को सउदी अरब के जेद्दा रवाना होगी। इसका सिलसिला 9 जून तक चलेगा। इनकी वापसी 1 से 21 जुलाई के बीच होगी। वापसी में हज यात्री मदीना के रास्ते मुंबई लौटेंगे। हज कमेटी के जिलाध्यक्ष राशिद शेख ने बताया कि हज यात्रियों को अपनी उड़ान से 48 घंटा पहले मुंबई हज हाउस में रिपोर्ट कर अपनी सीट सुनिश्चित करानी होगी। सेंट्रल हज कमेटी ने 21 हज यात्रियों की वेटिंग लिस्ट भी क्लियर की है। वहीं हमने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से हज यात्रियों की सुविधा के लिए इंदौर से मुंबई की पैसेंजर ट्रेन में बोगी बढ़ाने की मांग की है। इंदौर से सीधे जाने की जगह मुंबई के रास्ते जाने का विकल्प चुनने के पीछे कम किराए का कारण बताया जा रहा है। हज कमेटी के लोगों का कहना है कि इंदौर के मुकाबले मुंबई से हज यात्रा पर जाने में लगभग 60 हजार रुपए कम खर्च आ रहा है।

## फैशन शो में दिखा सारिका का जलवा

### 35 लाख का ब्लू डायमंड पहनकर रैंप पर आई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। टीवी अदाकारा और मॉडल सारिका दीक्षित जब 35 लाख का ब्लू डायमंड ज्वेलरी पहनकर रैंप पर आए तो दर्शकों की नजर उन पर ही टिकी रही। मालाबार गोल्ड ज्वेलरी एवं डायमंड की ब्रैंड मॉडल सारिका दीक्षित शोस्टॉपर रही। तीन मर्तबा सारिका रैंप पर आई। उनकी ज्वेलरी शो का आकर्षण रही। एक बार वे ग्रुप में डिजाइनर ग्रुप में आई। उनकी धमाकेदार एंट्री ने शो में धमाल मचा दिया। उनका रेट्रो लुक फ़ैशन शो में देखा ही बनता था। उन्हें फैशन शो में बतौर सेलिब्रिटी गेस्ट आमंत्रित किया गया था। एलिगेंट ऑफ इंटरनेशनल डिजाइनर के तैयार पहनावे का प्रदर्शन किया गया। इस फैशन शो में ट्रांसजेंडर विकलांग भी रैंप पर वॉक करते नजर आये। इंदौर के निर्वाण होटल में आयोजित इस फैशन शो में कई शहरों के डिजाइनर मॉडल्स और मेक अप आर्टिस्ट ने भाग लिया ओर रैम्प पर मॉडलिंग करने वाले प्रतिभागियों की तालियों के साथ हौसला अफजाई की।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में लक्ष्य पूर्ति नहीं करने पर विभागीय जांच संस्थित करने के निर्देश

### घटती हरियाली पर चिंता जताई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। संभागायुक्त दीपक सिंह ने इंदौर संभाग के विभिन्न नगरीय निकायों के अधिकारियों की बैठक ली। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अधूरी प्लानिंग के साथ निर्माण कार्य करने एवं वर्ष 2017-18 से शुरू काम अभी तक पूरे नहीं होने पर उन्होंने गहरी नाराजगी जतायी और संबंधित इंजीनियर्स, सीएमओ और कंसल्टेंट के ख़िलाफ़ विभागीय जाँच संस्थित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त दीपक सिंह ने नगरीय क्षेत्रों में घटती हरियाली पर चिंता भी जतायी और अधिकारियों से कहा कि वे सड़क निर्माण जैसे कार्यों में अनिवार्य रूप से पेड़ लगाने और हरियाली बढ़ाने का प्रावधान सुनिश्चित करें।



बैठक में संयुक्त संचालक नगरीय निकाय एस.के. सिन्हा, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण इंदौर पी. के. उपाध्याय, झाबुआ के संयुक्त कलेक्टर अक्षय सिंह मरकाम सहित संभाग के अन्य सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत संभाग में 56 हजार आवास बनाए गए हैं। पीथमपुर में वर्ष 2017-18 से शुरू काम अभी तक पूर्ण नहीं होने पर संभागायुक्त द्वारा नाराजगी जतायी गई। वहीं पीथमपुर में एक साथ बारह टावर का काम शुरू कर अधूरा निर्माण कार्य छोड़ने पर उन्होंने तत्कालीन अधिकारियों के ख़िलाफ़ विभागीय जाँच संस्थित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्रमिक रूप से एक-एक टावर लेकर निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करें, क्योंकि पीथमपुर में श्रमिक वर्ग अधिक है और उन्हें आवास के लिए यह उपयुक्त विकल्प साबित होगा। संभागायुक्त दीपक सिंह ने मांडू के तालाबों को ऐतिहासिक बताया और सीएमओ को निर्देश दिए कि यहाँ के तालाबों का संरक्षण करें। तालाब में पानी आने के सभी चैनल को अभियान चलाकर साफ़ करें ताकि पानी यहाँ आ सके।

उन्होंने कहा कि यह भी देखा गया है कि इन तालाबों से खेती के लिए भी पानी ले लिया जाता है जिससे तालाब सूख जाते हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव बनाएँ कि इन तालाबों से पानी लेने वाले किसानों के समूह बनाकर उन्हें उसी तालाब में मछली पालन अथवा नौकायन जैसे रोजगार मूलक कार्यों से जोड़ें। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने संभाग के सभी नगरीय निकायों में सड़क निर्माण जैसे निर्माण कार्यों के साथ वृक्षारोपण कर हरियाली सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के लिए महंगे एवं नुमायादार पेड़ों के स्थान पर स्थानीय प्रजाति के नीम, करंज, गुलमोहर जैसे पेड़ लगाए जाएं।

संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने अरबन डेवलपमेंट कम्पनी के कार्यों की भी समीक्षा की। ओंकारेश्वर में यूडीसी द्वारा जल प्रदाय एवं सीवरेज का काम किया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि यह काम 16 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने कहा कि नर्मदा नदी में किसी भी हालत में गंदा पानी नहीं मिले यह सुनिश्चित किया जाये।

## मेयर की मौजूदगी में हटे फुटपाथों से अतिक्रमण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर के व्यस्त जेलरोड पर न अब वाहनों के चलने के लिए जगह बची है और न वाहनों की पार्किंग के लिए। लोग जेलरोड के आसपास की गलियों में भी वाहन पार्क करने लगे है। बुधवार को मेयर पुष्य मित्र भार्गव जेलरोड पहुंचे और व्यापारियों से क्षेत्र की बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर चर्चा की। मेयर ने व्यापारियों से कहा कि जेल रोड़ की बात नहीं, शहर के सभी बाजारों में ट्रैफिक सुधार का अभियान फिर शुरू होगा। उन्होंने

### मेयर ने व्यापारियों से कहा- शहर के सभी बाजारों में ट्रैफिक सुधार का अभियान फिर होगा शुरू

कहा कि यदि बाजारों की पार्किंग व्यवस्था ठीक नहीं होगी तो व्यापारियों को ही धंधे में नुकसान उठाना पड़ता है। सिर्फ चौड़ी सड़कें बनाने से ट्रैफिक समस्या हल नहीं हो सकती है। दुकानदारों को भी फुटपाथों पर कब्जे की मानसिकता छोड़ना होगी। उन्होंने आधा किलोमीटर मार्ग का निरीक्षण किया और कई दुकानदारों को फुटपाथों पर किए कब्जे के बारे में बताया गया। कुछ व्यापारियों ने हथौडे लेकर फुटपाथों पर किया अतिक्रमण मेयर की मौजूदगी में ही तोड़ना शुरू किया। मार्ग से अन्य कब्जे भी जल्दी हटाए जाएंगे। दौरे में मेयर के साथ क्षेत्रीय पार्षद सुरेश टाकलकर, जेल रोड व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारी मौजूद थे।

विधायक के भाई की मौत पर गोविंद सिंह बोले-

# सीएम हेलीकॉप्टर से मरीजों को भिजवाने की बात करते हैं, विधायक के भाई को ना डॉक्टर मिले ना एंबुलेंस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भिंड जिले के गोहद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक केशव देसाई के बडे भाई का हार्ट अटैक से निधन हो गया। विधायक का आरोप है कि भाई को अस्पताल में इलाज और एंबुलेंस तक नहीं मिली। विधायक के भाई की मौत पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री और डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल का इस्तीफा मांगा है।

दरअसल, सोमवार- मंगलवार की दरमियानी रात विधायक के भाई की गोहद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में समय पर उपचार नहीं मिलने से मौत हो गई थी। बड़े भाई की मौत के बाद कांग्रेस विधायक केशव देसाई ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए। विधायकने कहा कि यहां डॉक्टर नहीं रुकते।

डॉ.गोविंद सिंह ने कहा है कि मैं मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और राज्य के स्वास्थ्य चिकित्सा मंत्री राजेश शुक्ल से अनुरोध करना चाहता हूं। आप बड़े विभाग के जिम्मेदार हैं। पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री द्वारा वाह-वाही लुटवाने काम क्यों हो रहा है। आप हेलीकॉप्टर से मरीजों को पहुंचाने की बात करते हैं। यहां हमारे भिंड जिले के गोहद विधानसभा के अनुसूचित जाति वर्ग के विधायक केशव देसाई के बड़े भाई जिनकी 64 साल उम्र थी। गोहद में जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोई डॉक्टर नहीं है। उन्हें हार्ट अटैक हुआ, तड़प-तडप कर उनकी जान चली गई। एंबुलेंस मौजूद नहीं थी। डायल 100 को बुलाया तो उसने आने से मना कर दिया। इस तरह का खिलवाड़ एक विधायक के भाई साथ हुआ।

**60 फीसदी स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर नहीं-** डॉ. गोविंद सिंह ने कहा- अकेला भिंड जिला नहीं, पूरे इलाके में यह देखता हूं कि 60 प्रतिशत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सहायक चिकित्सा अधिकारी नहीं हैं। ताले लगे हुए हैं। आप उप मुख्यमंत्री बनकर बड़े विभाग के मंत्री बन गए। आप क्या कर रहे हैं? हमें उम्मीद है कि आप इस व्यवस्था को सुधारेंगे और अगर आप अक्षम साबित हुए तो आपको भी पद पर रहने का अधिकार नहीं हैं। जिम्मेदारी नहीं संभाल सकते तो अपने उप मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र देने का काम करें।

**विधायक बोले- समय पर उपचार नहीं मिलने से हुआ निधन-** मामले में विधायक केशव देसाई ने आरोप लगाया है कि समय पर उपचार नहीं मिलने के कारण उनके भाई का निधन हुआ है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में देर रात ड्यूटी पर मात्र एक डॉक्टर मौजूद था, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर सहित अन्य डॉक्टर ग्वालियर थे। अस्पताल में एम्बुलेंस भी नहीं थी।

## दीवार गिरी, 6 साल की बच्ची की मौत

❑ दादी के साथ शादी में जा रही थी, धूप से बचने छांव में बैठे थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर। बुरहानपुर में कच्चे मकान की दीवार अचानक ढह गई। मलबे में बुजुर्ग महिला और उसकी तीन पोतियां दब गईं। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने चारों को अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान 6 साल की बच्ची की मौत हो गई। हादसा दौलतपुरा इलाके में बुधवार दोपहर 3 बजे हुआ। पुलिस पूछताछ के आधार पर जांच कर रही है।**

### शादी में शामिल होने जा रही थीं दादी-पोती

पुलिस ने बताया कि दौलतपुरा की रहने वाली आरिफा बानो (62) विवाह समारोह में शामिल होने पैदल ही नया मोहल्ला जा रही थी। उनकी पोतियां- एंजेला (15), हसलीन (10) और आफरीन (6) भी साथ थीं। रास्ते में धूप से बचने के लिए चारों एक कच्चे मकान की छांव में बैठ गईं। इसी दौरान मकान की दीवार भरभराकर गिर गई।

चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। चारों लोगों को मलबे से निकाला और ऑटो में बैठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां आफरीन पिता करामतुल्लाह ने दम तोड़ दिया। बाकी तीनों लोगों को इलाज जारी है।

### मकान पुराना, कच्चा और जर्जर था

प्रत्यक्षदर्शी मुश्ताक हुसैन ने बताया कि बच्चियों का पिता करामतुल्लाह मजदूरी करता है। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब है। महिला पोतियों के साथ छांव में बैठी थी, तभी दीवार गिर गई। वहीं, शेख फरीद ने कहा कि कच्चा मकान कासिम का है। पुराना और जर्जर था। जिला अस्पताल के डॉ. संदीप खटीक ने कहा, ह्य4 मरीज आए थे। 6 साल की बालिका की मौत हो गई। महिला और दो बच्चियां भर्ती हैं।

## दलित दूल्हे को दबंगों ने बग्घी से पटका

### बारात में घुसकर गोलियां चलाईं, पानी फेंका, दरवाजे से निकलने पर पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। ग्वालियर में दलित दूल्हे को दबंगों ने बग्घी से नीचे गिराकर पीटा। बग्घी की छतरी तोड़कर नाले में फेंक दी, लाइटें फोड़ दीं। दूल्हे और बारातियों को जातिसूचक गालियां दीं। घरों की छतों से बारातियों पर पानी फेंका। बारात के बीच घुसकर बंदूकों और कट्टों से हवाई फायर किए। आरोपी घर के सामने से दलित की बारात निकलने से नाराज थे।**

मामला करहिया गांव का है। दूल्हे की सोने चेन भी लूटी गई है। मामला 20 मई की रात का बताया जा रहा है। बारात रिठोदन से करहिया आई थी। दूल्हे के भाई ने बुधवार (22 मई) को करहिया थाने में आरोपियों पर मारपीट और एट्रोसिटी एक्ट में केस कराया है।

दूसरे पक्ष की ओर से भी शिकायत की गई है। उनका आरोप है कि बाराती नाचते हुए नोट लुटा रहे थे। महिलाओं पर नोट गिरे। मना किया तो बाराती झगड़ने लगे। पुलिस ने दूसरे पक्ष के आरोप की जांच कर रही है।

### डीजे बजाने वालों से भी मारपीट

आरोपियों ने दूल्हे नरेश जाटव को बचाने आए बारातियों से मारपीट की। डीजे बजाने वालों को भी पीट दिया। डीजे पर पथराव भी किया। डिस्को लाइट्स तोड़ दीं, साउंड सिस्टम को भी उखाड़ने का प्रयास किया। दूल्हे के रिश्ते के भाई रिंकू जाटव ने बताया कि आरोपी उनके घर के सामने से बग्घी में बैठकर निकलने का विरोध कर रहे थे।

दबंग संजय, दलबीर, संदीप और अनिल रावत ने बारात में दहशत फैलाने के लिए बंदूक और कट्टों से हवाई फायर किए। बताया जा रहा है कि सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची थी। दोनों पक्षों को शांत कराकर बारात को आगे बढ़ा दिया था।

### एएसपी बोले- दोनों पक्षों की शिकायत की जांच कर रहे

एएसपी निरंजन शर्मा का कहना है कि बारात पर हमला हुआ है और दूल्हे से मारपीट की शिकायत हुई है। मामला दर्ज कर लिया गया है। दूसरे पक्ष ने भी महिलाओं से अभद्रता का आरोप लगाया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## फर्जी सिम की खरीद-फरोख्त कर ऑनलाइन ठगी करने वाला अंतर्राज्जीय गिरोह पकड़ाया

**उज्जैन।** पुलिस ने फर्जी तरीके से सिम की खरीद-फरोख्त कर ऑनलाईन ठगी करने वाले 5 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़ाए बदमाशों में से 3 पश्चिम बंगाल और 1-1 बदमाश उज्जैन-देवास का रहने वाला है। आरोपी दूसरे लोगों के डॉक्यूमेंटस पर सिम एक्टिवेट कर ऑनलाइन फ्रॉड करते थे। पुलिस ने एयरटेल कंपनी की 56 सीम बरामद की हैं,इनमें से 13 एक्टिवेट और 43 अनएक्टिवेट हैं। एसपी प्रदीप शर्मा ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पश्चिम बंगाल के तीन बदमाश उज्जैन से सिम खरीद कर ऑनलाइन ठगी की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि न्यू इंदिरा नगर नागझिरी निवासी अक्षय तिरवार और कन्नोद देवास निवासी सादिक खान नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के तारामंडल के पास सिम बेचने के लिए खड़े हैं।

## डेढ़ करोड़ की शराब पर चला रोड रोलर

### 10 ट्रकों में भरकर ले गए एक लाख 47 हजार लीटर शराब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। जबलपुर में डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की शराब पर रोड रोलर चला दिया गया। बुधवार को एक लाख 47 हजार लीटर शराब को 10 ट्रकों में भरकर खमरिया थाना क्षेत्र के लोहकरी गांव के जंगल में ले जाया गया। इसके बाद गड्ढा खोदकर इसे नष्ट किया गया।**

जिस शराब को नष्ट किया गया, वह जिले के 36 थानों से इकट्ठा की गई थी। इसे पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत जब्त किया था। इसे कोर्ट के निर्देश पर ही नष्ट किया गया है। जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर ग्राम लोहकरी में पुलिस, प्रशासन और आबकारी विभाग के अफसर मौजूद रहे। टीम ने पहले जेसीबी मशीन से गड्ढा खोदा। इसके बाद कच्ची शराब को गड्ढे में बहा दिया गया। वहीं, अंग्रेजी शराब को रोड रोलर से नष्ट किया गया। कार्रवाई से पहले मौके पर कलेक्टर दीपक आर्य और एसपी आदित्य प्रताप सिंह भी पहुंचे।

एएसपी सूर्यकांत शर्मा का कहना है कि शराब नष्ट करने को लेकर कलेक्टर दीपक आर्य ने कमेटी का गठन किया था। इसमें सहायक जिला आबकारी अधिकारी रविन्द्र मानिकपुरी, डिप्टी कलेक्टर और एएसपी शामिल थे। एएसपी शर्मा ने बताया कि जिले के सभी थाना प्रभारियों से कहा गया था कि कोर्ट के निर्देश पर जिन थानों में रखी शराब को नष्ट करना है, उसकी सूची कमेटी के सामने लाएं। 36 थानों के थाना प्रभारियों ने शराब को लेकर लिस्ट बनाई।

### कोर्ट के निर्देश पर हुई कार्रवाई

सहायक आबकारी आयुक्त रविन्द्र मानिकपुरी ने बताया कि कोर्ट के निर्देश पर जिस शराब को नष्ट किया गया है, उसकी कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए है। शराब को पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा समय-समय पर कार्रवाई करते हुए जब्त किया गया था। सहायक आबकारी आयुक्त ने बताया कि अगले महीने फिर शराब नष्ट करने की बड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसकी तैयारी की जा रही है।

## डॉक्टर से टीचर ने किया रेप, वीडियो वायरल किए

### गुजरात से रीवा आकर कार-एक्टिवा जलाई; मैट्रिमोनियल साइट पर हुई थी फ्रेंडशिप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा।** रीवा की महिला डॉक्टर के सनकी दोस्त ने रेप कर अश्लील वीडियो वायरल किए। बाद में दो अलग-अलग दिन डॉक्टर की कार, फिर एक्टिवा में आग लगा दी। डॉक्टर अब तक तीन एफआईआर करा चुकी हैं। मंगलवार शाम 38 साल की डॉक्टर ने एसपी ऑफिस पहुंचकर शिकायत की। आरोपी गुजरात के कच्छ में सरकारी टीचर है। डॉक्टर की जान - पहचान उससे मैट्रिमोनियल साइट पर हुई। वह उन पर गुजरात आने का दबाव डाल रहा है। डॉक्टर का कहना है कि आरोपी उन्हें जान से मारना चाहता है।

**मिठाई में नशे की दवा मिलाकर खिलाई...** महिला डॉक्टर ने बताया, मेरी शादी 2013 में हुई थी। 2017 में पति ने मुझे छोड़कर दूसरी शादी कर ली। तब से रीवा में मां-पिता के साथ रह रही हूं। घरवालों ने मुझ पर दूसरी शादी का दबाव बनाया तो मैट्रिमोनियल साइट पर रजिस्ट्रेशन कर लिया। कच्छ (गुजरात) के देवशी सुंदरवा से दोस्ती हुई। हमारी बातचीत होने लगी। वह सभ्य लगा। उसने गुजरात बुलाया, तब पापा की तबीयत ठीक नहीं थी, इसीलिए मैंने मना कर दिया। 2 जनवरी को वो खुद ही रीवा आ गया। हम बस स्टैंड पर मिले। उसने कहा कि घर देखना चाहता हूं। उसे पता था कि मम्मी-पापा घर पर नहीं हैं। यह बात फोन पर बातचीत के दौरान उसे बता चुकी थी। हम घर आए। रात में उसने मिठाई में नशे की दवा मिलाकर खिला दी। अश्लील वीडियो - फोटो बना लिए। दूसरे दिन सुबह उसे जाने का कहा तो मना कर दिया और वीडियो-फोटो वायरल करने की धमकी देने लगा। एसपी विवेक सिंह का कहना है कि महिला की शिकायत पर रेप का केस किया गया है। आरोपी गुजरात का है और सरकारी टीचर है। महिला के घर में खड़ी गाड़ियों को जलाने के मामले में भी केस किया है।

# संपादकीय

## लापरवाही चिंता का विषय

मुंबई के एक पक्षी विहार इलाके में कथित रुप से हवाई जहाज की चपेट में आकर चालीस राजहंस यानी फ्लेमिंगो की मौत हो गई। इसे लेकर पक्षी और पर्यावरण प्रेमियों में रोष स्वाभाविक है। मगर यह समझना थोड़ा मुश्किल है कि इतने राजहंस किसी विमान की चपेट में आए कैसे। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि राजहंसों का झुंड मुंबई से गुजरात लौट रहा था और विमान की चपेट में आ गया। अगर इसमें सच्चाई है, तो यह न केवल उस पक्षी विहार में विचरने वाले राजहंसों के लिए खतरे की बात है, बल्कि उस तरफ से गुजरने वाले विमानों के लिए भी गंभीर खतरा है। आमतौर पर हवाई अड्डों के आसपास के इलाकों में पंछियों की गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। हवाई पट्टियों के आसपास पंछियों को भगाने के लिए लगातार पटाखे चलाए जाते हैं। हवाई जहाजों के लिए पंछी सबसे खतरनाक माने जाते हैं। अगर कोई पंछी किसी विमान के डैनों से टकरा जाए या उसके प्रोपेलर के भीतर चला जाए तो विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा रहता है। इसलिए हवाई अड्डों के आसपास पंछियों के आवागमन पर हर समय नजर रखी जाती है। यों हवाई पट्टी से उठने के बाद विमान कुछ सेकेंड के भीतर ही इतनी ऊंचाई ले लेते हैं, जहां तक पंछियों की उड़ान क्षमता नहीं होती। यही नियम विमान उतरते समय भी लागू होता है। राजहंसों की उड़ान कुछ ऊंची जरुर होती है, मगर इतनी ऊंची नहीं कि वे हवाई उड़ान की परिधि को छू लें। फिर हैरानी की बात है कि मुंबई हवाई यातायात प्रबंधन से जुड़े लोगों को इस बात की आशंका क्यों नहीं थी कि उस इलाके में उड़ते हुए राजहंसों का झुंड पहुंच सकता है। गनीमत है, कोई हादसा नहीं हुआ। मगर इस मामले में दूसरी आशंकाओं को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि पक्षी विहार के प्रबंधन में ही कोई खामी हो या पक्षी किसी बीमारी की चपेट में न आ गए हों। हालांकि अभी पक्षियों के शव परीक्षण के बाद ही हकीकत पता चल सकेगी। मगर इस तरह वन्यजीवों के मामले में किसी भी तरह की लापरवाही चिंता का विषय है।

**Quote...**



"बुद्ध ने कहा है : क्रोध करने से बड़ी मूढ़ता नहीं है। दूसरे के कसूर के लिए अपने को दंड देना इससे बड़ी और क्या मूढ़ता होगी। तुम क्रोधित हो गए। क्रोधित तुम हो गए। अंगारे तुमने अपनी छाती में भभका लिए। लपटें तुमने लगा लीं। कसूर उसका दंड, अपने को दे रहो हो! इससे बड़ी मूढ़ता और क्या होगी!- ओशो"

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**कोई भी वर्ण में साधु हुआ जा सकता है पर साधु होने के बाद कोई वर्ण नहीं रहना चाहिए।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**धर्म-कर्म**

# बुद्ध पूर्णिमा तिथि आज शाम से, आज होगी पूजा-अर्चना, गजकेशरी योग का बना रहा है संयोग



बुद्ध पूर्णिमा आज है। हालांकि पूर्णिमा का प्रवेश बुधवार को हो जाएगा। पूर्णिमा के दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है। इसीलिए बरारी पुल घाट, सीढ़ी घाट आदि तटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रहने की संभावना है। इस दौरान श्रद्धालु गंगा मैया की पूजा-अर्चना कर अपने-अपने पितरों को जल अर्पित करेंगे। संकट मोचन दरबार के पंडित चंद्रशेखर झा ने बताया कि वैशाख माह की पूर्णिमा तिथि को बुद्ध पूर्णिमा मनाया जाता है। बुद्ध पूर्णिमा के दिन ही बुद्ध का जन्म, ज्ञान व मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। हिंदू मान्यता के अनुसार भगवान विष्णु ने अपना नौवें अवतार बुद्ध के रूप में लिया था। इस शुभ तिथि पर सभी भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना करते हैं। उन्होंने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा तिथि 22 मई की शाम 5 बजकर 57 मिनट पर शुरू होगी और समापन 23 मई गुरुवार के दिन शाम 6 बजकर 41 मिनट पर होगा। इसीलिए बुद्ध पूर्णिमा 23 मई को मनायी जायेगी।

### ❑ गजकेशरी योग का बन रहा संयोग

जगन्नाथ मंदिर के पंडित सौरभ कुमार मिश्रा ने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा का दिन सभी के लिए बहुत खास है। इस बार यह तिथि और भी खास होने वाली है। क्योंकि इस दिन शुभ योग का निर्माण हो रहा है। इस दौरान शिव योग व सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। इसके साथ ही बुद्ध पूर्णिमा पर शुक्र-सूर्य की युति से शुक्रादित्य योग व राजभंग योग का भी निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि ज्योतिष दृष्टि से भी यह दिन खास है इस दिन वृषभ राशि में गुरु-शुक्र की युति से गजलक्ष्मी राजयोग, गुरु और सूर्य की युति से गुरु आदित्य योग का संयोग बन रहा है। मान्यता है कि गजलक्ष्मी राजयोग में किए गए कार्यों से धन और सफलता मिलती है। उन्होंने बताया कि बुद्ध पूर्णिमा को भारत के अलावा कई देशों में धूमधाम से मनाया जाता है। इस शुभ तिथि पर सभी भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना करते हैं, साथ ही ज्ञान और बुद्धि की कामना करते हैं। इस दौरान बौद्ध मंदिरों में दान करने का खास महत्व है। इस दिन उपवास रखने से ज्ञान की प्राप्ति होती है। बुद्ध पूर्णिमा पर सभी को पवित्र ग्रंथ का पाठ करना चाहिए।

New Delhi

# जहां आज तक नहीं पहुंचे कोई PM वहां मोदी रखेंगे कदम, एक रैली से 3 लोकसभा सीटों को साधेंगे

**पाकुड़, (एजेंसी)** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 28 मई को चुनावी दौरे पर जिले के लिट्टीपाड़ा आएंगे। यहां वे विराजपुर मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। जानकारों की मानें तो अगर 28 मई को प्रधानमंत्री लिट्टीपाड़ा पहुंचते हैं, तो यह पहला मौका होगा जब देश के कोई प्रधानमंत्री पाकुड़ जिले में अपनी कदम रखेंगे। प्रबुद्ध लोगों की मानें तो आज तक देश के किसी भी प्रधानमंत्री का कदम पाकुड़ जिले की धरती पर नहीं पड़ा है। प्रधानमंत्री के आगमन कार्यक्रम को लेकर केवल भाजपा कार्यकर्ता ही नहीं आम जनमानस में भी उत्साह है। राजनीतिक जानकार प्रधानमंत्री के इस चुनावी जनसभा को भाजपा के नजरिये से महत्वपूर्ण



मान रहे हैं। लोगों का मानना है कि यहां चुनावी सभा के माध्यम से प्रधानमंत्री राजमहल लोकसभा क्षेत्र के साथ-साथ गोड्डा व दुमका लोकसभा क्षेत्र को साधने का काम करेंगे।

जिले का लिट्टीपाड़ा एक ऐसा जगह है जो राजमहल, दुमका व गोड्डा तीनों लोकसभा क्षेत्र का केंद्र बिंदू माना जा सकता है। जानकारी के मुताबिक दुमका जिले का गोपीकांदर का कुछ हिस्सा तथा गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी व बोआरीजोर प्रखंड का कुछ हिस्सा राजमहल लोकसभा क्षेत्र में आता है। लिट्टीपाड़ा से दुमका व गोड्डा जिला काफी नजदीक भी है। ऐसे में राजनीतिक जानकार यह कयास लगा रहे हैं कि तीनों लोकसभा का केंद्र बिंदू होने के कारण भाजपा ने प्रधानमंत्री का कार्यक्रम यहां आयोजित कराया है।

Paschim

## बदरीनाथ में रील बनाने वालों पर ऐक्शन, 15 लोगों के मोबाइल जब्त

### पुलिस ने जुर्माना भी वसूला



**गोपेश्वर, (एजेंसी)** बदरीनाथ मंदिर परिसर में बुधवार को रील बनाते 15 लोगों का चालान किया गया। पुलिस ने उनका मोबाइल फोन आठ घंटे जब्त रख जुर्माना भी वसूला। चारधाम में इस तरह की यह पहली कार्रवाई है। बदरीनाथ मंदिर परिसर में बुधवार को कुछ लोग मोबाइल फोन से वीडियो बना रहे थे। इस पर पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके फोन जब्त कर लिए। सभी का पुलिस ऐक्ट में चालान करते हुए प्रति व्यक्ति 250 जुर्माना भी वसूला गया।

बदरीनाथ के थानाध्यक्ष नवनीत भंडारी ने बताया, आरोपी मंदिर परिसर के 50 मीटर दायरे में रील बनाने के नियम का उल्लंघन कर रहे थे। उक्त सभी के फोन आठ घंटे जब्त रखे। बाद में सख्त हिदायत देते हुए फोन लौटा दिए गए। मालूम हो सरकार ने चारों धाम व हेमकुंड साहिब की मर्यादा बनाए रखने के लिए मंदिर परिसरों में वीडियो-रील को प्रतिबंधित किया है। इस बीच, देवप्रयाग में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने गंगा संगम पर सौ मीटर के दायरे में सेल्फी लेने पर प्रतिबंध लगा दिया है। बुधवार को थाना प्रभारी महिपाल सिंह ने यह जानकारी दी।

चारधाम यात्रा पर आने वाले हर श्रद्धालु के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को पत्र जारी करते हुए यात्रा में व्यवस्था बनाने को सहयोग करने को कहा। अपील की है कि सभी राज्य अपने यहां पंजीकरण होने के बाद ही यात्रा शुरू करने का प्रचार प्रसार करें।

Uttarpradesh

## फोन पर बात करने गए पिता, इतने में ही स्विमिंग पूल में डूब गया 11 साल का बेटा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली के अलीपुर इलाके के एक स्विमिंग पूल में 11 साल का लड़का डूब गया. यह स्विमिंग पूल दो पुलिस अधिकारियों की पत्नियों द्वारा संचालित किया जा रहा है. मृतक बच्चे के परिजनों ने घटना में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए बुधवार को अलीपुर पुलिस स्टेशन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया. पुलिस अधिकारी ने बुधवार को बताया कि बाहरी-उत्तरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में दो पुलिस अधिकारियों की पत्नियों द्वारा संचालित स्विमिंग पूल में 11 वर्षीय लड़का डूब गया. इस घटना में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए परिजनों ने पुलिस स्टेशन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया था. न्यूज एजेंसी के मुताबिक, उन्होंने कहा कि अबतक की जांच में किसी तरह की गड़बड़ी का संकेत नहीं मिला है, लेकिन जांच जारी है. बाहरी-उत्तरी डीसीपी रवि सिंह ने कहा कि धारा 304A (लापरवाही से मौत) के तहत मामला दर्ज किया गया है. एक अन्य अधिकारी के अनुसार, घटना 14 मई को हुई जब लड़का, उसके पिता और अन्य किशोर पूल में तैर रहे थे.

Paschim bangal

## लखनऊ में दबंगों ने युवक को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा, सिर के बाल काटे, मरा समझकर भाग गए

**लखनऊ, (एजेंसी) लखनऊ के मलिहाबाद में एक युवक को बंधक बनाकर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है. इस दौरान दबंगों ने युवक के सिर के बाल भी काट दिए. हमलावर पीड़ित को मृत अवस्था में छोड़कर चले गए. इस मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.**

मलिहाबाद के रहीमाबाद इलाके में तिंरगवा गांव में युवक को बंधक बनाकर बुरी तरह पीटा गया. उस पर धारदार हथियार से भी हमला किया गया और प्रताड़ित करने के लिए उसके सिर के बाल भी काट दिए गए. हमलावर भूसा के घर में पीड़ित को मृत हालत में छोड़कर चले गए. पीड़ित की मां की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है.

जानकारी के मुताबिक, तिंरगवा गांव का रहने वाला तल्हा और उसका फुफेरा भाई फैज दोनों शाम को टहलने निकले थे तभी घर से कुछ दूरी पर गांव के ही रहने वाले तसव्वर खान, हसीन खान, रेयान खान और जाहिर खान ने तल्हा के साथ गाली गलौज की. जब तल्हा ने गाली देने से मना किया तो तल्हा को घसीट कर भूसे की कोठरी में ले गए, जहां पर सभी ने मिलकर तल्हा को लाठी डंडे व धारदार हथियार से मार-मार कर घायल कर दिया और मरणासन्न की हालत में छोड़कर भाग गए.

खेल

# तेजस शिरसे ने फिनलैंड में पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया

**जिवास्किला (फिनलैंड), (एजेंसी)** तेजस शिरसे ने बुधवार को यहां 13.41 सेकेंड के समय से विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर स्तर की प्रतियोगिता मोटोनेट जीपी सीरीज में स्वर्ण पदक जीतकर पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। 21 वर्षीय शिरसे ने 2017 में सिद्धांत थिंगाल्या द्वारा बनाये 13.48 सेकंड के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया। उनका पिछला व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 13.56 सेकंड है जो उन्होंने नौ मई को नीदरलैंड में बनाया था। शिरसे ने कोई अंतरराष्ट्रीय पदक नहीं जीता है, लेकिन पुरुष 110 मीटर बाधा दौड़ में शीर्ष भारतीय हैं। उन्होंने पिछले साल फेडरेशन कप, राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप और राष्ट्रीय ओपन में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने इस साल के फेडरेशन कप में हिस्सा नहीं लिया क्योंकि वह विदेश में ट्रेनिंग और प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।



बुधवार को यह जीत उन्हें विश्व एथलेटिक्स की रोड टू पेरिस सूची में उनके 61वें स्थान से ऊपर ले जायेगी। पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ के लिए स्वतः क्वालीफाइंग मार्क 13.27 सेकंड है। पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में 40 एथलीट प्रतिस्पर्धा करेंगे। इनमें से आधे विश्व रैंकिंग से जगह बनाएंगे।

सिनेमा

## Kalki 2898 AD में प्रभास के लुक से हटा पर्दा, Bujji कार से मारी धांसू एंट्री, वीडियो वायरल



साल की सबसे बड़ी फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' का इंतजार हर किसी को बेसब्री से हो रहा है. साल 2024 में ये इकलौती फिल्म है, जिसका बजट काफी हाई है और ये प्रोडक्शन के मामले में भी काफी पैसा खर्च करने वाली है. इस फिल्म को लेकर न जाने कितनी तो अनाउंसमेंट्स हुईं. ऑडियन्स के आगे, एक-एक करके सेलेब्स का लुक रिवील किया गया और अब हैदराबाद में ग्रैंड इवेंट करके प्रभास का फिल्म से लुक रिवील किया है. ग्रैंड इवेंट में ग्रैंड एंट्री मारते हुए प्रभास पर हर किसी की नजरें टिकी थीं. अपनी बूजी कार ड्राइव करते हुए प्रभास ने एंट्री मारी. सोशल मीडिया पर इस दौरान के तमाम वीडियोज वायरल हो रहे हैं. चारो ओर पटाखे जल रहे हैं और प्रभास बूजी कार में बैठकर एंट्री मारते नजर आ रहे हैं. वहां मौजूद ऑडियन्स प्रभास के लुक और उनके अंदाज की कायल होती दिख रही है. बता दें कि प्रभास ने 'कल्कि 2898 एडी' में इस्तेमाल होने वाली बूजी कार से सभी को रूबरू कराया. ये एक छोटी सी रोबोट कार है जो फिल्म में नजर आने वाली है. फिल्म के डायरेक्टर नाग अश्विनी ने बताया कि ये बूजी कार, फिल्म में इस्तेमाल होने वाली सबसे स्मार्ट, एक्साइटिंग और टफ एडिशन है. इसे दिमाग से कन्ट्रोल किया जा सकता है.

## Highlights

1. EC shares 'Laapataa Ladies' movie dialogue to share voting message
2. Lalu's daughter Rohini booked as 1 killed in Bihar after polls
3. Mumbai-Pune Expressway to remain shut from 12 pm to 1 pm today
4. Time to walk the talk: Nirbhaya's mother to Kejriwal on Swati Maliwal case
5. Police vehicle enters 4th floor of AIIMS Rishikesh to arrest sexual harassment accused

# Infrastructure firm I Squared to invest $5 bln in Asia over next three years, executive says



**SINGORE, (Agency).** Global infrastructure investor I Squared Capital is looking to invest $5 billion in the Asia Pacific from 2025 to 2027 as it seeks to tap into fast-growing sectors, including renewable energy, in the region, its senior partner said.

I Squared, which manages over $38 billion of assets globally, will deploy the money from its $15 billon global flagship fund and $2 billion growth markets fund raised in 2022, its senior partner Harsh Agrawal told Reuters.

The firm's expansion in Asia Pacific underscores growing investor interest in infrastructure assets across the region as it rapidly urbanises, its energy demand grows and its population becomes increasingly affluent and digitised.

"As we look at the next three, four years, we see this market as having very good characteristics, high growth, a lot of consumption growth driven by consumers in emerging Asia, expansion of the middle class," Agrawal told Reuters at I Squared's Singapore office.

Investments in the region's renewable wind and solar generation assets are expected to double to $1.3 trillion in the 2020s decade compared to the 2010s, according to consultants Wood Mackenzie.

# Is Amazon's Alexa becoming paid? Monthly subscription could cost this much

**NEW DEIHI, (Agency).** Amazon is upgrading its Alexa voice assistant with artificial intelligence (AI) as it plans to charge a monthly subscription fee, CNBC reported citing people in the know. The company will launch a more conversational version of Alexa later this year as it competes with AI-powered chatbots from Google and OpenAI. The report also claimed Amazon's subscription for Alexa will not be included in the $139-per-year Prime offering.

This comes after OpenAI announced




GPT-4o with the capability for two-way conversations- much more than that of Alexa. The updated version can translate conversations into different languages in real time.

Earlier, Amazon's former SVP of devices and services David Limp told The Verge that the company was considering charging for a more powerful version of Alexa.

The report also claimed that development of new AI chatbots in recent months has increased pressure on Amazon founder Jeff Bezos. Former employees have pointed out how Alexa is one of Jeff Bezos' passion projects but this changed when Andy Jassy took over as CEO in 2021 as he remained more focus on Amazon's business and expansion during the Covid pandemic.

# शादियों में गहने चुराकर अस्पताल में बिताते थे रात

## सूट-बूट में जाते थे सांसी गिरोह के प्रशिक्षित बच्चे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। राजगढ़ पुलिस ने ऐसे गिरोह को पकड़ा है जो शादी समारोह से पलक-झपकते लाखों के आभूषण और नकदी गायब कर देता था। पुलिस से बचने के लिए होटल-लाज की जगह अस्पतालों की ओपीडी में रात रुकते थे। गूगल से नजदीकी मैरिज गार्डन ढूंढ कर प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों से चोरी करवाते थे। बदमाशों ने इंदौर की घटनाओं का खुलासा किया है।**

आरोपित कोको उर्फ अनिकेत, अनिकेश कडिया गांव के सांसी गिरोह के सदस्य हैं। आरोपितों से 53 लाख रुपये कीमती 659 ग्राम सोना, 1164 ग्राम चांदी बरामद हुई है। एसपी (राजगढ़) आदित्य मिश्रा के मुताबिक राजगढ़ में पकड़े गए आरोपितों से पूछताछ की तो उन्होंने इंदौर सहित भोपाल, उदनखेड़ी, आगर, गुना, उज्जैन, सारंगपुर और मिर्जापुर में चोरी करना स्वीकारा है।

### ऐसे करते थे रेकी

आरोपितों ने बताया कि पहचान उजागर होने के डर से कभी होटल-लाज का इस्तेमाल नहीं करते थे। वह अस्पतालों की ओपीडी में जाकर सो जाते थे ताकि उन पर शक न हो। सुबह उठते ही नजदीकी मैरिज गार्डन ढूंढ कर रैकी कर लेते थे। कारों की आवाजाही और डेकोरेशन से अंदाजा लगा लेते थे कि शादी का आयोजन कैसा है।

### सूट-बूट में जाते चोरी में दक्ष बच्चे

चोरी प्रशिक्षण प्राप्त बच्चों के माध्यम से करवाई जाती थी। गैंग का मुख्य सदस्य बाहर ही रहता था। बच्चे को सूट-बूट में सगाई या शादी समारोह में भेज देते थे। उनका टारगेट दूल्हा-दुल्हन के माता-पिता होते थे। जैसे ही उनका ध्यान भटकता बच्चा आभूषण से भरा बैग लेकर गायब हो जाता था।

### सगाई, शादी और ब्राइडल शूट जैसे आयोजन चोरों का टारगेट

एसपी के मुताबिक आरोपितों ने इंदौर के राजेंद्रनगर थाना क्षेत्र में भी घटना की है। इंदौर पुलिस को आरोपितों की जानकारी दे दी गई है। भोपाल पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। आरोपितों ने बताया कि उनका टागरेट सगाई, शादी और ब्राइडल शूट जैसे आयोजन होते थे। गिरोह द्वारा पूरे देश में इसी तरह घटनाएं की जाती है।

# सोशल मीडिया पर दोस्ती, 10 साल तक किया रेप

## कार-मकान खरीदने के लिए लाखों रुपए लिए, फिर कर दिया शादी से इनकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। तिलक नगर इलाके में रहने वाली एक युवती ने अपने 10 साल पुराने दोस्त के खिलाफ रेप और रुपए की धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत में बताया कि आरोपी से सोशल मीडिया पर दोस्ती हुई। फिर शादी करने के नाम पर आरोपी उसका फाइनेंशियल फायदा उठाता रहा। कार और प्रॉपर्टी खरीदने के लिए रुपए भी लिए। लेकिन बाद में शादी करने से इनकार कर दिया।

तिलक नगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक निजी कंपनी में जॉब करने वाली एक युवती की शिकायत पर करणवीर सिंह शरण के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पीड़िता ने बताया कि जनवरी 2014 में दोनों की दोस्ती सोशल मीडिया से हुई। दोनों अच्छे दोस्त बन गए। इसके बाद मिलना-जुलना शुरू हुआ। करणवीर सिंह और युवती का दोनों के घर आना जाना शुरू हो गया। करण ने युवती से कहा कि वह उसे पसंद करता है। शादी करना चाहता है। इस पर युवती ने भी हां कर दी।

### केस की बात पर धमकाया

युवती ने बताया कि जनवरी 2024 में शादी को लेकर कहा तो उसने बोला कि वह शादी नहीं कर पाएगा। पीड़िता ने कहा कि तुमने वादा किया था, तो धोखा क्यों दिया। जिंदगी क्यों खराब की। इस पर आरोपी ने सब कुछ भूल जाने की बात कही। पीड़िता ने कहा कि मैं तुम्हारी पुलिस में शिकायत कर दूंगी। इस पर आरोपी ने धमकाया कि इससे तुम्हें कुछ नहीं मिलेगा, इज्जत से हाथ धोना पड़ेगा सो अलग। इसके बाद पीड़िता ने थाने में रेप और धोखाधड़ी का केस दर्ज करा दिया।

# पत्नी से कहां सूट में नही छोडूंगा, साले ओर दो साली लेने पहुंचे तो कर दिया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। द्वारकापुरी में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही पत्नी के साथ पति ने सूट पहनने की बात पर नाराज होकर पिटाई कर दी। इसके बाद पति ने अपने भाई ओर जीजा के साथ मिलकर साले ओर दो साली के साथ जमकर मारपीट की ओर मोबाइल फोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक उन्होंने सुरजीत तंवर निवासी प्रजाप्रत नगर की शिकायत पर उसके पति चेतन तंवर,जेठ योगेश ओर नंनदोई विनोद जाधव के खिलाफ मारपीट करने धमकाने ओर तोडफ़ोड़ करने के मामले में केस दर्ज कया है। सुरजीत के मुताबिक वह एमपीपीएससी की तैयार कर रही है। दोपहर में बहन गुलवीर का कॉल आया ओर उसने कहां कि तुम्हारे लिये सूट लेकर आए है। घर आ जाना। इस पर सूट पहनकर तैयार हुई तो पति ने कहां कि सूट में नही ले जाउंगा। साडी पहनकर चलो। सुरजीत ने इस बात से इंकार कर दिया ओर घर में ही बैठी रही।

रात को करीब 11.30 बजे भाई राजपाल,बहन नीतू कौर ओर बहन गुलवीर घर आ गए। उन्होंने कहां चलो दीदी हम लेने आए है। इस बात पर पति नाराज हो गए। उन्होंने बेल्ट से बुरी तरह से मारपीट कर दी ओर भाई ओर बहनों के सामने उठाकर जमीन पर पटक दिया। इसके बाद बहन ओर भाई ने रोका तो जेठ योगेश ओर विनोद अपशब्द कहने लगे। इस बीच चेतन ने ईट उठाकर बहन गुलवीर के मुंह पर मार दी। भाई को पकडक़र उसे बुरी तरह से तीनों ने पीटा। इसके बाद उसका मोबाइल छीनकर फोड़ दिया। पति ओर जेठ व नंनदोई ने बाहर तक लाकर सभी को बुरी तरह से पीटा। बाद में पति ने धमकाया कि सूट पहना और मायके वाले घर आए तो ठीक नही होगा।

# करंट लगने से बीफार्मा के स्टूडेंट और दोस्त की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। बी फार्मा के स्टूडेंट सहित एक अन्य युवक की बुधवार देर रात मौत हो गई। बताया जाता है कि दोनों हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए थे। दोनों देवास के रहने वाले हैं। राऊ पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दिव्यांश पुत्र मनोज कानूनगो और उसका दोस्त नीरज पुत्र मनोहर पटेल की हादसे में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक दोनों को बुधवार रात हाईटेंशन लाइन से करंट लगा था। दिव्यांश कमला नगर देवास का रहने वाला है। वह बीफार्मा की पढ़ाई कर रहा था। नीरज भी देवास में ही रहता है। पुलिस के मुताबिक दोनों के शवों को जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस हादसे को लेकर जांच कर रही है।

# कैफे संचालक भाईयो पर हमला

## दो एक्टिवा से आए बदमाशों ने देर रात गाड़ी अड़ाकर पीटा,गार्ड ने बचाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एरोड्रम में कैफे संचालक भाईयों के साथ दो बदमाशों ने मारपीट कर दी। इस मामले में पुलिस ने कैफे संचालक की शिकायत पर केस दर्ज किया है। एरोड्रम पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक राज मकासरे की शिकायत पर एक्टिवा सवार चार लोगो के खिलाफ हमले की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि राज ने बताया कि उनकी जनशक्ति नगर में द रनवे कैफे है। गुरूवार रात करीब 1 बजे दोनो अपनी एक्टिवा से घर कालानी नगर के लिये निकले थे। एअरपोर्ट रोड़ पर दोनो जा रहे थे तभी दो एक्टिवा पर चार लडक़े आए ओर भाईयो की एक्टिवा के आगे अपनी गाड़ी लगा दी। इसके बाद दोनो के साथ अचानक से मारपीट शुरू कर दी। आगे बैठे लडक़ो ने उनके पास से कैश छीनने का भी प्रयास किया। इस दौरान आकाश को पेवर ब्लॉक उठाकर सिर में मार दिया। इसके राज के पैर पर हमला कर दिया। दोनो ने बचाव के लिये मदद मांगी। इस दौरान नजदीक ही खड़ा गार्ड वहां दौड़ते हुए पहुंचा। उन्हें देखकर आरोपी मौके से भाग गए। हालाकि पुलिस ने इस मामले में हमला करने की धाराओं में ही केस दर्ज किया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक